प्रेषक,

अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
शाहजहाँपुर।

सेवा में,

जन सूचना अधिकारी,
शाहजहाँपुर।

पत्रांक : 3638 / M-14 / 01 दिनांक : 13-07/2026

विषय : अमर उजाला पेपर में प्रकाशिक खबर ''ग्राम बासंखेड़ा में ओवरहेड टैंक से आधे गावं को नहीं मिल रहा पानी'' के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक अमर उजाला पेपर में दिनांक 10.07.2026 को प्रकाशित खबर जिसमें ग्राम बांसखेड़ा में ओवरहेड टैंक से आधे गांव में जलापूर्ति न होने से सम्बन्धी समाचार का तत्काल संज्ञान लेते हुए विभाग द्वारा निरीक्षण कराया गया। जिसमें पाया गया कि उल्लिखित ग्राम खेड़ा टोला के कुछ मकान मुख्य वितरण प्रणाली के अपेक्षा अधिक ऊचांई पर स्थित होने के कारण पर्याप्त दाब (प्रेशर) उपलब्ध नहीं हो पा रहा था, जिससे उक्त क्षेत्र में ओवरहेड टैंक से जलापूर्ति प्रभावित हो रही थी, शेष ग्राम में जलापूर्ति सामान्य रूप से संचालित पायी गयी।

उक्त समस्या के स्थायी समाधान हेतु मुख्य वितरण प्रणाली पर आवश्यक नियन्त्रण वाल्व (कन्ट्रोल वाल्व) लगाने तथा आवश्यक्तानुसार वितरण व्यवस्था में तकनीकी सुधार किये जाने के निर्देश सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को दिये गये हैं।

परन्तु योजनान्तर्गत धनाभाव के कारण कार्य अवरूद्ध हैं। योजना पर धनावंटन होते ही युद्धस्तर पर उपवर्णित कार्य करा दिये जायेगें।

संलग्नक : फोटोग्राफ।

भवदीय,

(सनी सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।


1. जिलाधिकारी महोदय, शाहजहाँपुर।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, शाहजहाँपुर।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner














Scanned with OKEN Scanner